क्रमांक 3481320/प्राक्कलन समिति/2025
कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग
जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल -462003
दूरभाष 2552646, 2552878, फैक्स 2552406
Email ID encwrbpl-mp@nic.in

भोपाल, दिनॉक 05/06/2025

प्रति,

1. आयुक्त (काडा)
जल संसाधन विभाग,
भोपाल

2. मुख्य अभियंता,
बोधी, जल संसाधन विभाग,
भोपाल

3. समस्त मुख्य अभियंता
(सिविल/वि./यां.)
जल संसाधन विभाग,

4. परियोजना संचालक (समस्त)
जल संसाधन विभाग,

(विभागीय पोर्टल के माध्यम से)

विषयः—प्राक्कलन समिति द्वारा जल संसाधन विभाग के आय—व्ययक प्राक्कलनों के परीक्षण हेतु जानकारी का प्रदाय।

संदर्भः—1.मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय का पत्र क्रं. 9195/वि.स./प्रा.स./2025 भोपाल, दिनांक 09.05.2025
2. म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग का पत्र क्रं. 977/लघु/31 दिनांक 26.05.2025

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र की प्रति मय सहपत्रों सहित संलग्न है। मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय द्वारा जल संसाधन विभाग से संबंधित 19 बिंदुओं पर विभागीय जानकारी अतिशीघ्र चाही गई है। संलग्न सूची में दिये गये 19 बिंदुओं का अवलोकन कर आपकी संरचना से संबंधित जानकारी एकजाई कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि संपूर्ण प्रदेश की जानकारी संकलित कर शासन एवं विधानसभा सचिवालय को समयसीमा में प्रेषित की जा सकें।

विभाग द्वारा प्रदेश में कहां—कहां कार्यालय भवन नहीं है एवं कहां—कहां पर किराये के भवन पर कार्यालय चल रहे है संपूर्ण विवरण देवें। भवन विहीन कार्यालय हेतु नवीन भवन निर्माण की क्या योजना है यह भी प्रस्तावित करें।

समस्त मैदानी संरचनाओं से प्राप्त जानकारियों को मुख्य अभियंता कार्यालय में संकलित कर एकजाई जानकारी इस कार्यालय को प्रेषित करें।

सहपत्रः—उपरोक्तानुसार

(विनोद कुमार देवड़ा) 05/06/25
प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, भोपाल

पृ. क्रं. 3481320/प्राक्कलन समिति/2025

भोपाल, दिनांक 05/06/2025

प्रतिलिपिः—

1. समस्त अधीक्षण यंत्री (सिविल/वि./यां.) जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश
2. समस्त कार्यपालन यंत्री (सिविल/वि./यां.) जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. वेब मैनेजर, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल म.प्र. की ओर विभागीय पोर्टल पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

सहपत्रः—उपरोक्तानुसार

(विनोद कुमार देवड़ा) 05/06/25
प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, भोपाल

विधान सभा समिति / अत्यावश्यक

# मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

क्रमांक 9195 /वि.स./प्रा.स.//2025 भोपाल, दिनांक 9/5/ 2025

प्रेषक:-

एम.एल.मनवानी,
अवर सचिव,

प्रेषिती:-

अपर मुख्य सचिव,
जल संसाधन विभाग,
म.प्र. शासन,
मंत्रालय वल्लभ भवन,
भोपाल,

विषय:- प्राक्कलन समिति द्वारा जल संसाधन विभाग के आय-व्ययक प्राक्कलनों के परीक्षण हेतु जानकारी का प्रदाय।

संदर्भ:- विभाग का पत्र क्रमांक 15/73/लघु/31/358, भोपाल, दिनांक-28.02.2025

महोदय,

आदेशानुसार लेख है कि विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त जानकारी पर समिति द्वारा अतिरिक्त जानकारी चाही गई है जो प्रश्नावली के रूप में संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित की जा रही है।

अत: अनुरोध है वांछित जानकारी एक पखवाड़े के भीतर तीस प्रतियों में अपर मुख्य सचिव /सचिव द्वारा अनुमोदित एवं सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित इस सचिवालय को भिजवाने हेतु सर्व संबंधितों को निर्देशित कराने का कष्ट करें।

संलग्न:- प्रश्नावली (दो पृष्ठ)

भवदीय,

9/5

अवर सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा,
दूरभाष क्र. 0755-2523166

## जल संसाधन विभाग से
## प्राप्त मूल जानकारी पर अतिरिक्त
## जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रश्नावली
## वर्ष 2025-26

| | प्रश्नावली |
|---|---|
| 1 | विभागीय संरचना के अनुसार, जल संसाधन विभाग में श्रेणीवार (अधिकारी, कर्मचारी, तकनीकी कर्मचारी आदि) कितने पद स्वीकृत हैं और उनमें से कितने भरे हुए हैं तथा कितने खाली हैं ? |
| 2 | जल संसाधन विभाग के अंतर्गत विभागाध्यक्ष तथा अधीनस्थ कार्यालय में रिक्त पदो की पूर्ति हेतु विभागीय स्तर पर क्या कार्यवाही प्रचलित है ? |
| 3 | विभाग द्वारा प्रदेश में कहां-कहां कार्यालय भवन नहीं है एवं कहां-कहां पर किराये के भवन पर कार्यालय चल रहे है सम्पूर्ण विवरण देंवे । भवन विहीन कार्यालय हेतु नवीन भवन निर्माण की क्या योजना है ? |
| 4 | प्रदेश में किन किन जिलों में कौन-कौन से वृहद् निर्माण कार्य चल रहे है एवं जिलेवार कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है सम्पूर्ण विवरण देंवे? |
| 5 | जल संसाधन विभाग अंतर्गत कौन-कौन सी मुख्य परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है ? जल संरक्षण के लिए कौन-कौन से उपाय किए जा रहे हैं ? तथा उनके क्या परिणाम रहें ? |
| 6 | जल संसाधन विभाग और किसानों के बीच समन्वय को बेहतर बनाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं ? |
| 7 | त्वरित सिंचाई कार्यक्रम (AIBP) के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा किन क्षेत्रों की सिंचाई परियोजनाओं का चयन किया जाता है ? सम्पूर्ण विवरण देंवे । |
| 8 | विज्ञान परियोजना का द्वितीय चरण कब से प्रारंभ हुआ एवं इस परियोजना को वित्तीय सहायता कहां से प्रदान की जाती है ? परियोजना का कार्यान्वयन वर्ष कब से कब तक है ? |
| 9 | डिजिटल वाटर लेवल रिकॉर्डर एवं स्वचालित मौसम विज्ञान प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश में कितने वर्षामापी, जल स्तर रिकॉर्डर एवं मौसम विज्ञान रिकॉर्डर स्थापित किए गए हैं? |
| 10 | वर्ष 2022 से 2025 में वृहद एवं मध्यम परियोजना (PMKSY-AIBP) एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई येजना-हर खेत को पानी(PMKSY-HKKP-GH) अंतर्गत कितनी एवं किन-किन परियोजनाओं को पूरा किया गया एवं कितनी निर्माणाधीन है, तथा निर्माण कार्य पूर्णता की अवधि क्या है ? |

| | |
|---|---|
| 11 | नाबार्ड ऋण सहायता प्राप्त परियोजनाओं के अंतर्गत किन दो चरणों के लिए ऋण स्वीकृत किया गया है ? |
| 12 | प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत नाबार्ड से कितनी वित्तीय सहायता वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-2025 तक प्राप्त हुई ? |
| 13 | वृहद सिंचाई परियोजना के अंतर्गत छिंदवाड़ा काम्पलेक्स सिंचाई परियोजना एवं काठन जलाशय परियोजना जिला छिंदवाड़ा एवं बाणसागर परियोजना बहुती नहर के निर्माणाधीन प्रेशराइज्ड पाईप की अद्यतन स्थिति क्या है। |
| 14 | लोकायुक्त कार्यालय एवं राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों से प्राप्त 43 शिकायती प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति से अवगत करायें तथा कार्यवाही में यदि विलंब की स्थिति है तो उसका क्या कारण है। समय सीमा में कार्यवाही हेतु विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराएं। |
| 15 | 1. रीवा जिले के नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना प्रेशराइज्ड पाईप गंगेव ब्लाक के ग्राम टिकुरी, रमपुरवा, गुढ़वा (वाणसागर जलाशय बहुती नहर) के कार्य की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये ?<br>2. बुरहानपुर जिले के भावसा सिंचाई परियोजना, दवाबयुक्त हौज पाईप एवं टिकटोली माइक्रो इरीगेशन प्रेशराइज्ड पाईप कार्य की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये |
| 16 | वृहद् संजय सरोवर परियोजना की ढुटी बांयी तट नहर प्रणाली की भौतिक स्थिति से अवगत कराये। |
| 17 | मा.न्यायालयों में न्यायालयीन प्रकोष्ठ अंतर्गत दिनांक 2022 की स्थिति में लंबित अवमानना के कुल 380 प्रकरण थे जो कि दिसम्बर 24 की स्थिति में 406 एवं लंबित रिट याचिका के वर्ष 2022 में कुल 2737 प्रकरणों के विरूद्ध वर्ष दिसम्बर 2024 में 3277 प्रतिवेदित हैं। उक्त प्रकरणों की संख्या में बढोत्तरी के कारण सहित उनके शीघ्र निपटाने हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है। |
| 18 | वर्ष 2024 तक जिन 108 लघु सिंचाई योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है उनमें से 70 योजनाओं में निविदा की कार्यवाही पूर्ण हो गई अथवा नहीं जानकारी देवें, साथ ही शेष लघु योजनाओं में निविदा की कार्यवाही कब तक प्रारंभ कर ली जावेगी ? |
| 19 | प्रदेश में निर्माणाधीन 345 लघु सिंचाई परियोजना के कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत कराए। |